राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने की त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना

राज्यपाल ने बांसवाड़ा में जनजातीय क्षेत्र के ग्रामीणों से किया संवाद

जयपुर, 27 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार को बांसवाड़ा में जनजातीय क्षेत्र के लोगों से रूबरू हुए। राज्यपाल श्री मिश्र ने लोगों की समस्याएं सुनी। प्रत्येक व्यक्ति को उसके प्रश्न का जवाब देकर संतुष्ट किया। सागिता गांव की महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि मां त्रिपुरा सुंदरी की इस पवित्र भूमि पर आकर मैं अभिभूत हुआ हूँ। उन्होंने कहा कि इस पवित्र प्रांगण में हुआ संवाद जमीन पर अवश्य फलीभूत होगा। राज्यपाल ने अपनी पत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा के साथ मां त्रिपुरा सुंदरी की विधिवत पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एक युवा ग्रामीण के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा की राजनीति सेवा का कार्य है। इसमें अपने सुख को किनारा करना होता है। लोगों की सेवा करनी होती है। यह तपस्या का कार्य है। राजनीति में आने के लिए कभी अपेक्षा ना रखें। नेतृत्व से कुछ ना मांगे। नेतृत्व जिम्मेदारी दे रहा है, उसे संभाल कर ईमानदारी से निर्वहन करें। अपने कार्यों में पारदर्शिता रखें। मेहनत करते जाएं सफलता अवश्य मिलेगी। अपना लक्ष्य रखें। जो सोचा है उस मार्ग पर सत्यता और ईमानदारी से मेहनत के साथ आगे बढ़ते रहें। सकारात्मक रहें जरूर बड़े आदमी बनोगें।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहा. निदेशक, (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान